पाठ 20. नन्हा मुन्ना राही (केवल पढ़ने के लिए)

पाठ की भूमिका

इस पाठ का उद्देश्य बच्चों में निर्णय-क्षमता संबंधी कौशल विकसित करना है ताकि वे महत्वपूर्ण मुद्दों को समझकर उनसे रचनात्मक रूप से निपटने में सक्षम हो सकें। शकील बदायूँनी द्वारा रचित यह गीत हमें देशभक्ति का पाठ पढ़ाता है और संदेश देता है कि किसी भी परिस्थिति में देशप्रेम की भावना कम नहीं होनी चाहिए।

अध्यापन संकेत

यह फ़िल्मी गीत है। देश के लिए बच्चों को अभी से ही क्या योगदान देना चाहिए, इसकी चर्चा करें। मौखिक गायन अलग-अलग अंशों में बाँटकर करवाएँ।